हिndiनोट्स

1-7 September 2022 Current Affairs

- पीएम मोदी और बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना ने संयुक्त रूप से मैत्री पावर प्रोजेक्ट की यूनिट-का अनावरण किया
- भारत बायोटेक द्वारा निर्मित भारत के पहले इंटर नेज़ल COVID-19 वैक्सीन को आपातकालीन उपयोग के लिए DCGI की मंजूरी मिली
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उलानबटार में अपने मंगोलियाई समकक्ष साईखानबयार गुरसेद से मुलाकात की
- झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 81 सदस्यीय विधानसभा में 48 मतों के साथ विश्वास प्रस्ताव जीता, भाजपा ने किया वाकआउट
- प्रधानमंत्री ने पीएम-श्री (प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया) योजना के तहत देश भर में 14,500 स्कूलों के विकास और अपग्रेडेशन की घोषणा की
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिक्षक दिवस पर विशिष्ट शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए
- शिक्षक दिवस पर यूजीसी ने शुरू की नई रिसर्च फेलोशिप और रिसर्च ग्रांट स्कीम
- बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना ने नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बातचीत की
- नेपाल की राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने काठमांडू में भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे को मानद उपाधि प्रदान की
- सरकार एस्ट्रो पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लद्दाख में देश का पहला नाइट स्काई अभयारण्य स्थापित करेगी
- प्रधानमंत्री ने कोच्चि में कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत INS विक्रांत को कमीशन किया
- प्रधानमंत्री ने कोच्चि में कोचीन शिपयार्ड में नए नौसेना ध्वज 'निशान' का अनावरण किया
- कर्नाटक: प्रधानमंत्री ने मंगलुरु में 38,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ, शिलान्यास किया
- विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अबू धाबी में 14वें भारत-यूएई संयुक्त आयोग की सह-अध्यक्षता की
- 6महिला व बाल कल्याण मंत्रालय का राष्ट्रीय पोषण माह "महिला और स्वास्थ्य" और "बच्चा और शिक्षा" पर फोकस के साथ पूरे भारत में शुरू हुआ
- केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में "CAPF eAWAS" वेब पोर्टल लॉन्च किया
- NIA ने 1993 के मुंबई सीरियल ब्लास्ट के मुख्य आरोपी गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के बारे में जानकारी देने वाले को 25 लाख रुपये के इनाम की घोषणा की
- मुंबई में दिए गए फिल्मफेयर अवॉर्ड्स; 'शेरशाह' को मिला सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार; रणवीर सिंह: '83' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, कृति सनोन: 'मिमी' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री

- सरकार ने जैव विविधता संरक्षण पर नेपाल के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी दी
- केंद्र ने 14 राज्यों को 7,183 करोड़ रुपये का राजस्व घाटा अनुदान जारी किया
- टाटा समूह के पूर्व चेयरमैन 54 वर्षीय साइरस मिस्त्री की मुंबई-अहमदाबाद मार्ग पर कार दुर्घटना में मौत
- ब्रिटेन को पछाड़ भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना
- मार्च 2022 तक भारत का विदेशी कर्ज 8.2 फीसदी बढ़कर 620.7 अरब डॉलर हो गया: वित्त मंत्रालय
- 26 अगस्त को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 561.046 अरब डॉलर रह गया
- महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने लिज़ ट्रस को ब्रिटेन का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया
- अफगानिस्तान के काबुल में रूसी दूतावास के बाहर विस्फोट में कई स्थानीय लोगों के साथ दो रूसी राजनयिक मारे गए
- चीन के सिचुआन प्रांत में आया 6.8 तीव्रता का भूकंप, 21 की मौत
- 5 सितंबर को मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय चैरिटी दिवस
- पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने वृत्तचित्र श्रृंखला ‘अवर ग्रेट नेशनल पार्क्स’ के वर्णन के लिए एमी पुरस्कार जीता
- विश्व नारियल दिवस 2 सितंबर को मनाया गया
- भारत 1 से 7 सितंबर तक रूस में आयोजित होने वाले बहु-राष्ट्र अभ्यास वोस्तोक 2022 में भाग ले रहा है
- रूस ने रखरखाव का हवाला देते हुए प्रमुख पाइपलाइन के माध्यम से यूरोप को गैस की आपूर्ति पूरी तरह से रोक दी
- शीत युद्ध को समाप्त करने वाले सोवियत नेता मिखाइल गोर्बाचेव का 91 वर्ष की आयु में निधन
- संयुक्त राष्ट्र ने 31 अगस्त को अफ्रीकी मूल के लोगों के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया
- बांग्लादेश ने चीन से 36 F-7BGI विमान आयात किये